रंगपंचमी पर जमकर बरसा रंग-गुलाल

नाचते-गाते नजर आए पत्रकार, लिया पर्व का आनंद

नरसिंहपुर, देशबन्धु। रंगपंचमी के मौके पर जमकर रंग-गुलाल बरसा। नगर के पत्रकार जन संवाद केन्द्र में भी रंगपंचमी पर जिले के समस्त पत्रकारों ने एक दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं देते हुए जमकर रंग-गुलाल और नाचते गाते नजर आए। सभी ने पर्व का भरपूर आनंद लिया। अलसुबह से ही सक्रिय हुरयारे देर शाम तक सड़कों पर दिखाई दिये। उत्साही युवाओं एवं बच्चों ने सुबह से दोपहर तक अपने मित्रों एवं परिचितों को रंग गुलाल से सराबोर किया। लोगों ने जमकर धुरेड़ी खेली और रंगपंचमी पर्व पर लोगों ने बड़े ही उत्साह एवं उमंग के साथ पर्व का भरपूर आनंद लिया।

सूने रहे बाजार,गलियों में हुरयारों की धूम- रंगपंचमी अवसर पर नगर के लगभग सभी बाजार बंद रहे। यहां सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के शटर गिरे हुए नजर आ रहे थे। बाजार तो बंद दिखे ही, नगर के भीतरे हिस्सों, गलियों की दुकानें भी बंद रहीं, और लोगों को चाय, नाश्ते तक के लिए परेशान होना पड़ा। हालात यह थे कि चाय, पान की इक्का-दुक्का होटलें ही खुली नजर आ रही थीं। कुछ पेट्रोल पंप भी सुबह के समय बंद रहे और शाम को जैसे ही पेट्रोल पंप खुला वहां उपभोक्ताओं की भीड़ लग गई। वहीं रंगपंचमी के दौरान लोग जिले के अपने पसंदीदा स्थानो पर पहुंचे। नर्मदा तटों समेत दिल्हेरी, टोन घाट समेत अन्य स्थानो पर लोग पिकनिक मनाने पहुंच गये।

भाजपा का रंगोत्सव और होली मिलन आयोजित

प्रहलाद पटेल रंग में हुए सराबोर

नरसिंहपुर, देशबन्धु। रंग पंचमी परंपरा के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन के तत्वाधान में रंगो उत्सव एवं होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल , भाजपा जिला अध्यक्ष राम स्नेही पाठक, गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज महाराज, पूर्व जिला अध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेतागण, जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता मातृशक्ति व क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे रंगोत्सव की शुरुआत नगर के प्रसिद्ध राम मंदिर मे श्री रामलला जी को रंग, गुलाल अर्पित कर की गई तत्पश्चात उपस्थित कार्यकर्ताओं ने नेताओं व एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं प्रेषित की।

श्री राम मंदिर से प्रारंभ हुआ चल समारोह मुख्यमार्ग से होते हुए आनंद मंगल भवन पहुंचा चल समारोह के दौरान झांकियों व जुलूस पर स्थानीय लोगों ने रंग व पुष्पो की वर्षा कर स्वागत किया तत्पश्चात आनंद मंगल भवन में आयोजित होली मिलन समारोह में नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने जमकर होली खेली । इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि रंग पंचमी बुंदेलखंड के प्रमुख त्योहारों में से एक है जो हमें अपनी परंपराओं व गौरवशाली विरासत पर गर्व करने की अनुभूति प्रदान करता है हम सभी एक-दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिलकर परंपरागत उल्लास के पर्व रंगपंचमी की शुभकामनाए एक दूसरे को दे रहे हैं यह रंगोत्सव हमारी समृद्ध संस्कृति, पारस्परिक स्नेह के साथ अटूट रिश्ते-एकजुटता को और सुदृढ़ता प्रदान करता है।

भाजपा जिला अध्यक्ष राम स्नेही पाठक ने कहा कि जिस प्रकार रंगों के बिना हमारा जीवन सूना रहता है ठीक उसी प्रकार कार्यकर्ताओं के बिना पार्टी का हर आयोजन अधूरा रहता है आज के कार्यक्रम में जिले भर से आए हुए नेताओं कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय जनों ने इस कार्यक्रम मे जो अपनी सक्रिय सहभागिता दी । जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान लोक कलाकारों द्वारा विभिन्न लोकगीतों व लोक नृत्यों का प्रदर्शन किया गया ।

सार-समाचार

गौरैया चिड़िया के घोसले तैयार करते हैं आदित्य

नरसिंहपुर, देशबन्धु। ग्राम नोन पिपरिया तहसील गोटेगांव के आदित्य राज भट्ट गौरैया चिड़िया के घोसले तैयार करते हैं और उन घोसले से हर वर्ष 10 से 12 चिड़िया की वृद्धि करते हैं। इस वर्ष आदित्य कुछ नया करके दिखाया है, इस वर्ष हेलमेट के अंदर चिड़िया के घोसले तैयार किए हैं ताकि कुत्ता बिल्ली बाज कौवा से इनके अंडो एवं बच्चों को नुकसान ना हो सके। हेलमेट से इंसानों की तरह गौरैया परिवार की रक्षा हो सके, इंसान भी हेलमेट गाड़ी चलाते समय उपयोग करें और सुरक्षित रहें। अगर आप भी गौरैया का कुनबा बढ़ाना चाहते हैं तो जहां आप निवास करते हैं, उस जगह चिड़ियों के घोसले तैयार करें, जब चिड़िया आने जाने लगे तो घोसला से छेड़छाड़ ना करें, वरना चिड़िया आना बंद कर देती है।सीलिंग फेन न चलावे उससे चिड़िया की जान जा सकती है। हमें थोड़ा घास फुस लाना पड़ता है उसके बाद चिड़िया अपनी पसंद की घास लाती है और अंडे देती है । जब चिड़िया अंडे देती है तो चिरवा इंसानों की तरह चिड़िया के लिए खाने का इंतजाम करता है। चिड़िया के अंडे से बच्चे हो जाते हैं तो चिड़िया चिरवा दोनों मिलकर बच्चों के लिए नरम कीट पतंग का इंतजाम करते हैं ताकि बच्चों के पेट भी भर जाए और पानी की भी पूर्ति हो सके । आप भी प्रयास कीजिए ताकि गोरैया परिवार में वृद्धि हो सके।

ब्रह्मलीन हुए निजानंद ब्रह्मचारी

गोटेगांव, देशबन्धु। ब्रह्मचारी श्री निजानंदजी महाराज आज सायं काल परमहंसी गंगा आश्रम में निजानन्दस्वरूपा भगवती के चरणों में लीन हो गये। निजानन्द जी हमारे गुरुदेव ब्रह्मलीन जगद्गुरु शंकराचार्य जी महाराज के वरिष्ठतम शिष्यों में अन्यतम थे । 90 से अधिक आयु वाले ब्रह्मचारी जी ने 55 वर्षों से भी अधिक समय गुरुसेवा में समर्पित कर दिया । परमहंसी आश्रम स्थित गुफाओं को गुरुआज्ञा से परिश्रम पूर्वक इनके द्वारा ही खोद कर वर्तमान रूप दिया गया था । सांकल घाट समीप स्थित आद्यशंकराचार्य जी के गुरु गोविन्दपादाचार्य जी की अति प्राचीन गुफा का संरक्षण भी इनके द्वारा ही हो रहा था। जीवन के अन्तिम वर्षों में भगवती नर्मदा जी के पावन तट पर ही आपका निवास रहा। आप बडे तपस्वी महात्मा थे। हमें भी 17 वर्ष पूर्व इनके सानिध्य में सांकल समीप गुरु आश्रम में दो वर्षों तक निवास करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इनके न रहने से समस्त गुरुपरिवार को विशेष कर विरक्त शिष्यगणों को एक अपूरणीय क्षति हुई है। नर्मदातट के तपस्वी, गुरु-भगवती के अनन्य भक्त, महात्मा निजानंद जी के चरणों में भक्तों ने विनम्र श्रद्धासुमन समर्पित अर्पित किए हैं।

टास्क फोर्स समिति की मासिक बैठक आज

नरसिंहपुर, देशबन्धु। कलेक्टर की अध्यक्षता में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम के लिए जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स समिति की मासिक बैठक आज 20 मार्च को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। बैठक में निर्धारित एजेंडा पर विस्तृत चर्चा की जायेगी। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी खनिज शाखा नरसिंहपुर ने दी है।

मंजूलता कोरी का निधन

नरसिंहपुर, देशबन्धु। शंकर वार्ड नरसिंहपुर निवासी श्रीमती मंजूलता कोरी पत्नी स्व. हरिओम कोरी घड़ीसाज 45 वर्ष की आयु में निधन हो गया । उनके अंतिम संस्कार में सभी वर्ग के लोगों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वे पत्रकार विनोद कोरी एवं पेंटर राकेश कोरी की भाभी एवं कुलदीप कोरी की माता जी थी।

मंदिर की भूमि पर किया जा रहा अतिक्रमण

प्रजापति समाज ने दिया ज्ञापन

नरसिंहपुर, देशबन्धु। बड़े पुल के समीप स्थित देव शंकर जी मंदिर न्यास मंदिर जो सींगरी नदी के समीप स्थित है जिसका संचालन प्रजापति समाज की ओर से किया जाता है, उक्त मंदिर की भूमि पर कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है, इस संबंध मे भारतीय प्रजापति हिरोज अर्जेनाइजेशन मध्यप्रदेश के बैनर तले समाज के लोगों ने पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन देकर उक्त अनाधिकृत व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है, ज्ञापन में उल्लेख किया गया है की मंदिर परिसर से लगी हुई भूमि जो की मंदिर ट्रस्ट की है उस पर अनेक सामाजिक एवं धार्मिक कार्य किये जाते हैं, किन्तु हाल ही मे गोलू खत्री आत्मज पंकज खत्री, विवेक मेहरा, राजकुमार सिलावट एवं उनके अन्य साथियों द्वारा राजनैतिक सह पर देव शंकर जी मंदिर न्यास की भूमि पर अतिक्रमण किया जा रहा है साथ ही मंदिर ट्रस्ट से जुड़े लोगों के साथ गुंडागर्दी एवं गाली गलौज की जाती है जिसे लेकर प्रजापति समाज मे रोस व्याप्त है, ज्ञापन मे उल्लेख किया गया है की उक्त शंकर मंदिर प्रजापति समाज का प्रतीक है ऐंसे में समाज के लोगों के साथ गुंडागर्दी संपूर्ण समाज का अपमान है।

जेसीबी मशीन लगाकर किया जा रहा अतिक्रमण- प्रजापति समाज के लोगों ने बताया की उक्त मंदिर की जमीन पर अनाधिकृत व्यक्तियों द्वारस जेसीबी मशीन लगाकर कब्ज़ा किया जा रहा था, उक्त कार्य को रोकने के लिए जब मंदिर समिति के सदस्य अमित प्रजापति, सुनील प्रजापति, कमलेश प्रजापति, उमाशंकर प्रजापती, रुपकिशोर प्रजापति, चिरोंजीलाल प्रजापति गुलाब प्रजापति देवेंद्र प्रजापति द्वारा बना किया गया तो जान से मारने की धमकी दी गई एवं समाज को गलियां दी गईं, साथ हिंसा पर उतारू हो गए। साथ ही श्री देव शंकर मंदिर मे जो महिलाएं दर्शन करने आती हैं, उन पर अश्लील कमेंट भी करता है, उक्त व्यक्ति द्वारा कभी भी कोई अप्रिय घटना की जा सकती है। उक्त ज्ञापन मे प्रीतिराज प्रजापति, बलराम प्रजापति जिलाध्यक्ष प्रजापति समाज, संतोष प्रजापति, सुनील प्रजापति, प्रदेश संयोजक प्रजापति समाज, कमलेश प्रजापति सहित अन्य शामिल रहे।

पीली मिट्टी से रंगे चेहरे

गाडरवारा, देशबन्धु। भारतीय संस्कृति में पांच दिवसीय होली पर्व की अंतिम दिन रंगपंचमी का त्यौहार शहर एवं ग्रामीण अंचलों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रात: काल से ही छोटे-छोटे बच्चों एवं युवा वर्ग की टोलियां की टोलियां सड़कों पर उतरकर विभिन्न रंगों के साथ अपने-अपने साथियों, स्नेहजनो को रंगों से सरोबर करती दिखाई दी।

सबसे ज्यादा युवा वर्ग द्वारा पीली मिट्टी का प्रयोग किया गया वे हाथ में पीली मिट्टी की बोरियां लेकर एक दूसरे को लग रहे थे तथा आसमान में उड़ा रहे थे। बुधवार को शासकीय अवकाश होने के कारण लोगों ने घरों घर अपने स्नेहजनों को रंग एवं गुलाल लगाकर रंगपंचमी मनाई?। रंग पंचमी का त्यौहार होने के कारण बाजार बंद होने के कारण सन्नाटा पसरा दिखाई दिया। रंगपंचमी के त्योहार पर उन लोगों से रंगों की होली खेली जा रही थी जिनसे आपसी संबंध था पर आने-जाने वालो पर रंग नहीं लगाया जा रहा था।

यहां भी खूब चढ़ा रंग- रंगपंचमी पर नगरीय क्षेत्र साईखेड़ा, चीचली, सालीचौका सहित ग्रामीण अचलों में लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर रंगपंचमी का त्यौहार मनाया। अपने स्नेहीजनों के घरों मे पहुंचकर होली की पकवान भुजिया, पपड़ीया खाने का आनंद लिया। बरहाल रंगपंचमी का त्यौहार लोगों द्वारा शांतिपूर्ण मनाया गया। वही दूसरी ओर पुलिस प्रशासन तेज मोटर साइकिल एवं पीली मिट्टी की होली रोकने में नाकामयाब रही।

बालाजी धाम गोटेगांव में ज्ञान एवं वैराग्य का चित्रण

ब्रह्मषि रामकृष्णानंद महाराज के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा

गोटेगांव, देशबन्धु। श्रीधाम नगर के श्रीदेव मुरलीधर वार्ड स्थित बालाजी धाम परिसर में 26 मार्च दिन बुधवार तक आयोजित श्रीमद् भागवत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम के क्रम में पूज्य संतजनों का सत्संग कार्यक्रम जारी है। आचार्य शिवशंकर शर्मा (मुंबई) के यजमानत्व में ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के कृपापात्र शिष्य पंच अग्निपीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर श्रीमद् रामकृष्णानंद जी महाराज एवं जगतगुरु जनार्दनाचार्य जी महाराज (मुंबई) के सानिध्य में भागवत कथा की अमृत वर्षा जारी है। अपने गुरु से मिले ज्ञान को जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि बताते हुए पूज्य महामंडलेश्वर ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा हमें मानवीय मूल्यों की शिक्षा एवं उत्कृष्ट सनातन जीवन पद्धति की प्रेरणा देती है। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण के विराट स्वरूप का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण की भक्ति मानव को देहिक ,भौतिक एवं दैविक ताप से मुक्त करती है। पूज्यआचार्य जी महाराज ने नारद जी के जन्म एवं जीवन वृत की कथा सुनाते हुए कहा कि प्रभु ने उनको भ्रम से मुक्त करके हम सभी को यह शिक्षा प्रदान की है कि भ्रमित व्यक्ति कभी अपना एवं दूसरों का कल्याण नहीं कर सकता। उन्होंने कहा की शरण में आये किसी व्यक्ति का, कभी अपमान नहीं करना चाहिए। ईश्वर ने क्षमादान की शिक्षा देकर उत्कृष्ट मानवीय मूल्यों की शिक्षा दी।

दिलों को जोड़ते हैं रंग उत्सव : योगाचार्य

नरसिंहपुर, देशबन्धु। रंगपंचमी रंग गुलाल का रसरंगी त्यौहार है जो हमें दु:ख दर्दों से उबारकर और उमंग उत्साह से भरकर जीवन में खुशी आनंद की अनुभूति कराता है। रंगपंचमी का त्यौहार प्रेम भाईचारा और सद्भाव का त्यौहार है जो सारे विश्व में भारतीयता के सर्वे भवन्तु सुखिन: का संदेश देता है।उक्ताशय के विचार हास्य ओज कवि अशोक त्रिपाठी ने गायत्री मंदिर सभागृह नरसिंहपुर में रंगपंचमी उत्सव में व्यक्त किये। योगाचार्य एन सी जैन ने कहा कि त्यौहार से सद ब्यौहार मिलता है।उत्सव दिलों को दिल से जोड़ते है।

योगाचार्य जे के पटेल ने कहा कि रंगपंचमी गिले शिकवे दुश्मनी मिटाकर मेल मिलाप और भाईचारे का पावन त्यौहार है। पं.एल डी दुबे ने कहा कि रंगपंचमी का यह पर्व हमारी संस्कृति पहिचान और भारतीयता की अमिट छाप छोड़ता है। बी एस पटेल ने कहा उत्सवों एवं आयोजनो से अपनापन मिलता है। फिर लोगों को रंगपंचमी का तो हमेशा इंतजार रहता है।आयोजन में गायक सुधीर दुबे ने गीत गाकर तो कविवर अशोक त्रिपाठी ने कविता से काव्य रस की बर्षा कर सभी को रसरंगित किया।आयोजन समिति द्वारा रंग गुलाल लगाकर सभी का अभिवादन किया गया। गुरमुख माखीजा ने सभी का आभार प्रदर्शन किया।कार्यक्रम में शरद साहू नीरज शर्मा कमल प्रजापति वीरेंद्र राव लीलाधर दुबे जे के पटेल एन सी जैन महेंद्र श्रीवास्तव डा केदार गुप्ता अशोक नेमा शिव प्रसाद साहू सुधीर दुबे आर के पटवा बी एस पटेल श्री कांत नामदेव सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

खुशी दिवस पर काया सेंटर में हुईं आनंददायक गतिविधियां

नरसिंहपुर, देशबन्धु। 20 मार्च को अखिल विश्व में खुशी या प्रसन्नता का दिन मनाया जाता जिसका उद्देश्य आज के तनाव, अवसाद, चिंता व भागदौड़ से भरे महौल में खुशी के दो पल तलाशना है। हम सब कस्तूरी मृग की तरह खुशी को बाहर किसी जगह या वस्तु में ढूंढते जबकि, वह तो हमारे अंदर ही छिपी हुई है। फिर भी हमें लगता कि, फलाना वस्तु या सुविधा या सामान या नौकरी या मनचाहा वरदान मिल जाये तो हम खुश हो जाएंगे तो इनकी प्रतीक्षा में हम अनजाने में वर्तमान की खुशी भरे क्षणों को भी नजरअंदाज कर देते हैं। कुछ ऐसी ही गहरी व उद्देश्यपूर्ण बातों का संदेश देने राज्य आनंद संस्थान की मास्टर ट्रेनर और माध्यमिक शिक्षिका मुक्ति राय ने काया योग एंड जूम्बा फिटनेस सेंटर में कुछ बड़ी ही रोचक और आनंददायक गतिविधियां उपस्थित सदस्यों को करवाई।

उनसे उनके बचपन के नाम याद करने को कहा जिस नाम से प्यार से उनके माता-पिता उनको पुकारते थे और जो उन्हें खुशी देते थे इसके साथ ही उनको अपनी शक्ति व कमजोरी को समझने के लिए भी प्रेरित किया। इसके अलावा मिरर एक्टिविटी के जरिये उन्हें उनके ही अंदर के व्यक्तित्व से मिलवाया और यह बताया कि, जिस तरह से दर्पण में हमारी ही छवि का प्रतिबिंब उभरता और जैसा-जैसा हम करते वैसा-वैसा करता ठीक उसी तरह हमारे कर्म ही फल के रुप में परिणित होकर हमारे पास वापिस आते अत: हम सजग होकर अपना हर कार्य करें। काया संस्थान की सह-संचालिका सूश्री इंदु सिंह ने सभी से उनकी खुशी को एक शब्द में बताने के लिए कहा जिससे वे जान सकें कि, वास्तव में खुशी क्या है तो काया की ही सह-संचालिका नमिता जनोरिया ने सबको किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार गीत के बोलों पर नृत्य करवाते हुए बताया कि, जीना इसी का नाम है।

सभी उपस्थित सदस्यों कुसुम साहू, रचना त्रिवेदी, नीता भारद्वाज, उर्वशी पाठक, कीर्ति साहू, पूर्वी, अंजली, स्वाति सिंह, जया विश्वकर्मा, निकिता साहू, मीना शर्मा, स्नेहा जैन आदि ने इन सभी गतिविधियों का भरपूर आनंद उठाया।

जाट महिला सभा द्वारा होली एवं रंगपंचमी पर्व मनाया, हुए विविध आयोजन

नरसिंहपुर, देशबन्धु। इस वर्ष भी जाट महिला सभा द्वारा होली एवं रंग पंचमी पर्व को लेकर होली मिलन एवं खेलकूद प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन का किया गया। विविध कार्यक्रमों के बीच महिलाओं ने गाते बजाते हुए रंगों के पर्व पर होली मिलन उत्सव उजाला नारोलिया के निवास वीआईपी स्कूल परिसर में मनाया। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने एक दूसरे को रंग गुलाल से सराबोर किया एवं कई महिलाओं ने विचार रखे। साथ ही गीत कविता, भजन लोकगीत के माध्यम से अपनी बात रखी। साथ ही गीत संगीत से समाज और क्षेत्र के विकास में योगदान देने का संदेश देते हुए सामाजिक कुरीतियों को मिटाने का आव्हान किया।

शिक्षा पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान ज्ञानवर्धक व मनोरंजक प्रतियोगिता भी हुई। कार्यक्रम के प्रारंभ में समाज की अध्यक्ष मिथिलेश जाट ने स्वागत भाषण देते हुए पिछले कार्यक्रमों का प्रतिवेदन रखते हुए मृत्यु भोज बंद करने पर सभी से गंभीरता से विचार करने का निवेदन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संगठन की सदस्य और पदाधिकारी मौजूद थी।

मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए